संपादकीय

# पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा

बतौर प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में यह धारणा टूट गई है कि नरेंद्र मोदी दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं और वे किसी फैसले को वापस नहीं लेते हैं। इस कार्यकाल में सामने यह आया है कि सरकार चलती रहे, इस तकाजे के कारण वे किसी अन्य नेता की तरह ही व्यवहार करते हैं। इसका ताजा उदाहरण उच्च नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को वापस लेने का प्रकरण है। इसके पहले वक्फ़ बोर्ड विधेयक, पूंजीगत लाभ टैक्स में बढ़ोतरी, और कथित सेकुलर कानून लाने का इरादा जताने के बाद एनडीए समन्वय समिति की बैठक बुलाने की तत्परता से ये रुझान जाहिर हुआ है। पिछले चार जून को आए चुनाव नतीजों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपनी ताकत निरंतरता की धारणा बनाने में झोंकी। मगर सिर्फ ढाई महीनों में जाहिर हो गया है कि नए बने संसदीय समीकरण के बीच फैसलों को स्ट्रीमरोल करने का पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा है। लोकतांत्रिक नजरिए से इसे सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा। बहरहाल, यह लेटरल एंट्री के मुद्दे पर सरकार को सियासी झटका भले लगा हो, लेकिन इससे इस नीति में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।

दरअसल, इसके जरिए ४५ पदों की भर्ती के लिए निकले विज्ञापन का विरोध करने वाले विपक्षी दलों को नीतिगत रूप से भर्ती के इस तरीके पर कोई एतराज रहा भी नहीं है। "कुशलता" और "प्रतिभा" से संबंधित तर्कों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई मतभेद नहीं है। जबकि इन्हीं तर्कों से नीति निर्माण की सारी प्रक्रिया कॉरपोरेट सेक्टर के हाथ में दे दी गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने जारी विज्ञापन में आरक्षण ना होने का भावनात्मक मुद्दा उछाला। भारत में गुजरे तीन दशकों सारी सियासी बहस और गोलबंदी जातीय या सांप्रदायिक मुद्दों के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। इन दोनों तरह के मुद्दों पर राजनीतिक ध्रुवीकरण होने की संभावना लगातार बनी रहती है। इसे समझते हुए ही केंद्र ने अपने कदम में सुधार का फैसला किया है। यह साफ कहा गया है कि लेटरल एंट्री में जातीय आरक्षण का प्रावधान कर नए सिरे विज्ञापन जारी होगा। जाहिर है, विपक्ष को तब कोई आपत्ति नहीं होगी।

## पीएलआई स्कीम का असर, एप्पल इकोसिस्टम से भारत में पैदा होंगे 5 से 6 लाख रोजगार के अवसर

नई दिल्ली



दुनिया की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल द्वारा भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाए जाने के कारण अगले एक से दो साल में 5 से 6 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

एप्पल भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग को तेजी से बढ़ा रहा है। सरकार द्वारा भारत में मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम चलाई जा रही है। इसके कारण देश से आईफोन का निर्यात भी बढक़र एक अरब डॉलर प्रति महीने पहुंच चुका है।

इंडस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि मौजूदा समय में एप्पल इकोसिस्टम में 2 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसकी इकोसिस्टम में वेंडर्स, उपकरण आपूर्तिकर्ता आदि शामिल हैं।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, जो कि एप्पल के लिए दो प्लांट्स चलाता है, वह एप्पल इकोसिस्टम में सबसे अधिक रोजगार पैदा करती है। इसके अलावा फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन भी रोजगार पैदा करने में अहम भूमिका निभा रही है।

मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग ने देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार पैदा करने में अहम भूमिका निभाई है। सरकार का उद्देश्य देश को मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक हब बनाना है।

सरकार के मुताबिक, एप्पल इकोसिस्टम में 2 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है और इसमें अच्छी बढ़त देखी जा रही है।

देशभर में आईफोन फैक्टरियों की ओर से इस त्योहारी सीजन में 10,000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी दी जाएगी। एप्पल का जोर भारत में निवेश बढ़ाने पर भी है। कंपनी आईफोन के कैमरा मॉड्यूल के उपकरण बनाने के लिए टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन और मुरुगप्पा ग्रुप से बातचीत कर रहा है।

एप्पल का लक्ष्य भारत में सालाना आधार पर 5 करोड़ से ज्यादा आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग करना है। साथ ही चीन से बाहर प्रोडक्शन को शिफ्ट करना है।

वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से आईफोन निर्यात बढक़र 12.1 अरब डॉलर हो गया है, जो कि 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर था।

वित्त वर्ष 2023-24 में एप्पल इंडिया के ऑपरेशन की वैल्यू बढक़र 23.5 अरब डॉलर हो गई थी।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक बार फिर से ग्लोबल आउटेज का शिकार, हजारों यूजर्स ने की सर्विस डाउन की शिकायत

नई दिल्ली



पॉपुलर माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने आज सुबह 9 बजे के करीब एक बार फिर से ग्लोबल आउटेज का सामना किया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण एक्स की अधिकांश सर्विसेज अचानक डाउन हो गईं, जिससे यूजर्स को ऐप एक्सेस करने में परेशानी हुई। भारत समेत दुनिया भर के कई देशों में लोगों ने इस समस्या का सामना किया।

आउटेज के दौरान, कई इंटरनेट यूजर्स ने एक्स सर्विस सस्पेंड होने और ऐप को एक्सेस न कर पाने की शिकायत की। डाउन डिटेक्टर, जो आउटेज को ट्रैक करता है, ने भी इस मामले की पुष्टि की है। सुबह करीब 9 बजे तक, डाउन डिटेक्टर पर 1,200 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं।

यह पहली बार नहीं है जब एक्स ने ग्लोबल आउटेज का सामना किया है। अगस्त 2024 में भी प्लेटफॉर्म की सर्विसेज कुछ समय के लिए डाउन हो गई थीं, जिसके बाद यूजर्स को पोस्ट्स एक्सेस करने में कठिनाई हुई थी। आउटेज के बाद, सोशल मीडिया पर एक्स के विषय में मीम्स भी शेयर किए जाने लगे।

ग्लोबल आउटेज के दौरान, जब यूजर्स एक्स को एक्सेस करने की कोशिश कर रहे थे, तो उन्हें वार्निंग देखने को मिली। हालांकि, कुछ समय के लिए सर्विसेस बाधित रहीं, लेकिन ऐप को पुन: चालू करने पर यह सामान्य रूप से काम करने लगा।

एलन मस्क ने 2022 में एक्स को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण के बाद, मस्क ने कई बड़े बदलाव किए, जिनमें से एक महत्वपूर्ण बदलाव ट्विटर का नाम बदलकर एक्स करना था।

## इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी मलान ने लिया संन्यास, टीम में काफी वक्त से नहीं मिली थी जगह

नईदिल्ली



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बैटर डेविड मलान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. वे टी20 में नंबर 1 रैंकिंग पर रह चुके हैं. लेकिन अब 37 साल की उम्र में संन्यास ले लिया है. मलान काफी वक्त से टीम से बाहर चल रहे थे. उन्हें वनडे विश्व कप 2023 के बाद अभी तक टीम में जगह नहीं मिली थी. मलान का इंटरनेशनल करियर बहुत ज्यादा लंबा नहीं रहा. लेकिन यादगार रहा. उन्होंने टी20 में 1800 से ज्यादा रन बनाए हैं. वहीं वनडे में 1400 से ज्यादा रन बना चुके हैं.

## चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान : एसबीआई

मुंबई




भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून की अवधि में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी वजह कृषि क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

यह अनुमान आरबीआई की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी किए गए अनुमानों के बराबर है।

केंद्रीय बैंक के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 7.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत है।

एसबीआई रिसर्च की ताजा इकोरैप रिपोर्ट में बताया गया है कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में आ रही बाधा के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर मानसून सामान्य से अच्छा होने के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4.5 से 5 प्रतिशत रह सकती है, जो कि आरबीआई के अनुमान से 0.3 प्रतिशत ज्यादा है। जून में कमजोर शुरुआत के बाद दक्षिण पश्चिम मानसून में जुलाई की शुरुआत से तेजी देखने को मिली और यह सामान्य से अच्छा बना हुआ है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक आर्थिक आउटलुक अभी भी अनिश्चित बना हुआ है और हालांकि महंगाई के कम होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौद्रिक नीतियों में सख्ती कम होगी।


अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जुलाई में भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में अनुमान जारी किया था। इसमें 2024 के लिए विकास दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया था। मौजूदा समय में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष में यह 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## ऑक्शन में आरसीबी इन विकेटकीपर्स पर लगाएगी बोली, एक तो पिछले साल तक था कप्तान

नईदिल्ली

कहने को तो अभी इंडियन प्रीमियर लीग में काफी समय बचा है, लेकिन सभी फ्रेंचाइजियों ने अभी से कमर कस ली है. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन की तैयारियों जोरो-शोरों पर है. आए दिन रिटेंशन से जुड़ी खबरें सामने आ रही है.

बात अगर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की करें तो आरसीबी की नजरें भी इस बार एक बेहतर टीम बनने पर रहेगी. हम सभी जानते हैं कि टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है. ऐसे में आरसीबी को अब 18वें सीजन के लिए एक विकेटकीपर की दरकार भी होगी. चलिए जानने की कोशिश करते हैं कि मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी किन विकेटकीपर्स पर दांव लगा सकती है.




इस लिस्ट में सबसे पहला नाम केएल राहुल का आता है.राहुल कहने को तो लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा है, लेकिन 2025 के सत्र में वह आरसीबी की जर्सी में नजर आ सकते हैं. राहुल के आरसीबी से जुडऩे की खबरें भी लगातार ट्रेंडिंग टॉपिक बनी हुई है. केएल राहुल इससे पहले भी बैंगलोर फ्रेंचाइजी की ओर से खेल चुके हैं.

अगर केएल राहुल आरसीबी से जुड़ते हैं, तो टीम के लिए काफी जरूरतें पूरी कर सकते हैं. फ्रेंचाइजी को ना सिर्फ राहुल के रूप में एक अच्छा विकेटकीपर मिलेगा बल्कि एक धाकड़ ओपनर और एक कप्तान का ऑप्शन भी तैयार हो जाएगा. राहुल ने अब तक आईपीएल में कुल 132 मैच खेले और 134.61 के स्ट्राइक रेट से 4683 रन बनाने में सफल हुए हैं.

इस लिस्ट में अगला नाम उत्तर प्रदेश के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का आता है. जुरेल फिलहाल पिछले 2 सीजन से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा हैं. अगर राजस्थान की टीम जुरेल को रिटेन नहीं करती है तो उनको मेगा ऑक्शन में देखा जा सकता है. ध्रुव जुरेल का नाम पिछले एक से डेढ़ साल में काफी सुनने को मिला है.

आईपीएल के अलावा वह भारत के लिए टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल में भी अपना दम दिखा चुके हैं. युवा विकेटकीपर के आईपीएल करियर की बात करें तो अब तक खेले 27 मैचों में उनके बल्ले से 151.53 के शानदार स्ट्राइक रेट से कुल 347 रन देखने को मिले. 22 पारियों में वह 2 अर्धशतक भी जड़ चुके हैं.

## नेशनल के डिफेंडर जुआन इज़किएर्डो की 27 साल की उम्र में मैदान पर गिरने से मौत

नई दिल्ली




उरुग्वे फुटबॉल क्लब नेशनल के डिफेंडर जुआन इज़किएर्डो का इस महीने की शुरुआत में कोपा लिबर्टाडोरेस मैच के दौरान मैदान पर गिरने के बाद 27 साल की उम्र में निधन हो गया।

22 अगस्त को साओ पाउलो के खिलाफ नेशनल के मैच के दौरान अनियमित दिल की धडक़न से पीड़ित होने के बाद इज़क्विएर्डो अस्पताल में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे।

यह घटना खेल के 84वें मिनट में घटी, जिसमें इज़क्विएर्डो अन्य खिलाडिय़ों के संपर्क के बिना ही गिर गया। चिकित्सा कर्मी उनकी सहायता के लिए दौड़े और गहन चिकित्सा इकाई में ले जाने से पहले मैदान पर तत्काल उपचार किया।

डॉक्टरों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, इज़क्विएर्डो की हालत अगले कुछ दिनों में बिगड़ गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

नेशनल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

हम उनके परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पूरा नैशनल उनकी अपूरणीय क्षति के लिए शोक में है।

घटना के जवाब में, उरुग्वे के फुटबॉल अधिकारियों ने सप्ताहांत में सभी प्रथम और द्वितीय श्रेणी के मैच स्थगित कर दिए।

इंटर मियामी स्ट्राइकर और उरुग्वे के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लुइस सुआरेज़ ने इस खबर पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, दर्द, दुख, इसे समझाना मुश्किल है। उन्हें शांति मिले। मैं उनके परिवार और दोस्तों के लिए बहुत सारी शक्ति की कामना करता हूं।

साओ पाउलो, नेशनल के विरोधियों ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की। ब्राज़ीलियाई क्लब के एक प्रवक्ता ने इसे फुटबॉल के लिए दुखद दिन बताया।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए किसी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। साथ ही आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपका सम्मान बढने से आपको खुशी होगी।

**वृष-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है।आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनकेघर जायेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

**मिथुन-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आज आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे और घर के बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे।

**कर्क-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्च पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्व कांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे।

**सिंह-** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे और भविष्य की कुछ योजनाओं पर बात-चीत भी करेंगे। आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा लेकिन आपको भाई का साथ मिलने से आसानी होगी।

**कन्या-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में आलस्य की बजह से कमजोर रहेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी भावनाओं की कद्र होगी, लव मेट आज आपको कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें और आपको एक से अधिक स्रोतों से लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया अनुभव करेंगे इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

**मकर-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके औद्योगिक मामले सुधरेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहेगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय के कामों में कुछ कठिनाई तो होगी, लेकिन फिर भी आप पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

## थलपति विजय की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

थलपति विजय की आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. वेंकट प्रभु की निर्देशित फिल्म ने पहले ही अपने ट्रेलर से ही चर्चा बटोर ली है. फैंस और दर्शक फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. वहीं, मेकर्स ने फैंस के एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है.

मेकर्स की ओर से ताजा अपडेट सामने आया है. मेकर्स ने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है कि विजय स्टारर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की ओर से यू/ए सर्टिफिकेट मिला है.



द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी है. उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को यू/ए सर्टिफिकेट मिला है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के रन टाइम की बात करें तो फिल्म का टाइम ड्यूरेशन 2 घंटा 45 मिनट है.

वेंकट प्रभु की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की कहानी को गुप्त रखा गया है. उम्मीद है कि यह एक ऐसी एंटरटेनिंग क फिल्म होगी जिसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का तडक़ा देखने को मिलेगा. फिल्म में विजय डबल रोल में नजर आएंगे. वह फिल्म में पिता और बेटे दोनों का किरदार निभाएंगी. फिल्म में विजय के साथ प्रभु देवा, स्नेहा, प्रशांत, मीनाक्षी चौधरी जैसे कलकार शामिल हैं. यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में धमाल मचाने उतरेगी.

## देवरा पार्ट 1 का काउंटडाउन शुरू, जूनियर एटीआर का डबल रोल में सामने आया इंटेंस लुक पोस्टर




जूनियर एटीआर की आगामी फिल्म देवरा: पार्टी 1 सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है. मेकर्स ने रिलीज से ठीक एक महीने पहले फिल्म का काउंटडाउन पोस्टर लॉन्च किया है. पोस्टर में जूनियर एटीआर का नया अवतार दिखाया गया है.

देवरा पार्ट 1 के मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में जूनियर एनटीआर का डबल रोल देखा जा सकता है. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, एक महीने में, उनका आगमन दुनिया को एक अविस्मरणीय बड़े पर्दे के अनुभव से झकझोर देगा. आइए 27 सितंबर को सिनेमाघरों में उनके मैजेस्टिक मैडनेस का अनुभव करें.

पोस्टर में जूनियर एनटीआर के दो अवतार दिखाए गए हैं. एक में एक्टर मिस्ट्रियस लुक के साथ लंबे बालों में नजर आ रहा.

## हॉरर-कॉमेडी स्त्री 2 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल, वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म की कमाई

स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार 12 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म स्त्री 2 पहले ही 11 दिनों में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर कई फिल्मों के रिकॉर्ड मिट्टी में मिला चुकी है. स्त्री 2 सबसे तेज 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्मों की लिस्ट में चौथे नंबर पर दर्ज हो चुकी है. वहीं, स्त्री 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये कमाने वाली 7वीं फिल्म बन चुकी हैं. अब स्त्री 2 अपने 12वें दिन की कमाई से केजीएफ 2 की हिंदी कमाई का रिकॉर्ड तोडऩे से चूक गई है. आइए जानते हैं फिल्म स्त्री 2 ने 12वें दिन कितनी कमाई की है.

स्त्री 2 का 12वें दिन की कमाई का ऑफिशियल आंकड़ा सामने आ गया है. स्त्री 2 ने वर्ल्डवाइड 589 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है. वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 498 करोड़ रुपये और नेट कलेक्शन 422 करोड़ रुपये का हो गया है. स्त्री 2 का ओवरसीज में ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 91 करोड़ रुपये हो गया है. स्त्री 2 ने जन्माष्टमी वाले दिन



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 20.2 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो कि 11वें दिन का आधा कलेक्शन है.

'स्त्री 2' की कमाई में रिलीज के 12वें दिन गिरावट देखी गई. बावजूद इसके श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की इस फिल्म ने रिलीज के 12वें दिन बाहुबली 2, सुल्तान, जवान, वॉर, गदर 2 और एनिमल का भी रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है. और पठान के बाद 12वें दिन दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'स्त्री 2' के स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर ने तो लीड रोल प्ले किया ही है वहीं इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, आपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी ने भी अहम किरदार निभाया है.

## शब्द सामर्थ्य- 161

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 161

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |